# मॉडल प्रश्न–पत्र–V

## कक्षा – दसवीं

## विषय – सामाजिक विज्ञान (213)

**समय : 3 घण्टे** **पर्णांक : 100**

**निर्देश :** 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में चार खण्ड है। खण्ड अ बहुविकल्पीय प्रश्न है। खण्ड ब रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए खण्ड स सत्य/असत्य प्रश्न तथा खण्ड द उचित संबंध बनाइए। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।

3. प्रश्न क्रमांक 02 से 13 अति लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

6. प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।

7. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 1. खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×5=5)

1. निम्न में से कौन सा राज्य को आर्थिक रूप से विकसित राज्यों के समूह में रखा जा सकता है –

   1. बिहार 2. उडीसा
   3. अरूणाचल प्रदेश 4. हरियाणा

2. गरीबी रेखा का तात्पर्य है –

   1. अशिक्षा 2. जनसंख्या वद्धि
   3. लैंगिक भेदभाव 4. आय का न्यूनतम दर

3. भारत में मताधिकार की आयु है –

   1. 20 वर्ष 2. 21 वर्ष
   3. 18 वर्ष 4. 25 वर्ष

4. शिवसेना निम्न में से किस राज्य की राजनीतिक पार्टी है –

   1. तमिलनाडु 2. महाराष्ट्र
   3. छत्तीसगढ़ 4. केरल

5. निम्नलिखित में से कहाँ पर लोकतंत्र नहीं है –

   1. लीबिया 2. इंडोनेशिया
   3. भारत 4. श्रीलंका

**खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** (1×5=5)

1. विधायिका की पूरी अवधि के पश्चात जो चुनाव कराये जाते हैं उन्हें ................कहा जाता है।
2. पर्यावरण क्षरण के सबसे बड़े कारणों में से एक ....................का उत्पादन है।
3. भूकंप ....................आपदा का प्रकार है।
4. राज्य के नीति निर्देशक तत्वों का उद्देश्य भारत को एक ................राज्य बनाता है।
5. ग्राम पंचायत का कार्यकाल ...........................का होता है।

**खण्ड (द) सत्य/असत्य लिखिये** (1×5=5)

1. भारत दुनिया में अग्रणी चाय उत्पादक देश है।
2. इंटरनेट सभी प्रकार की सूचनाओं को प्रदान करता है।
3. चिल्का झील नर्मदा नदी के पास स्थित है।
4. हारेक आर्द्रभूमि पंजाब में स्थित है।
5. असहयोग आंदोलन की शुरूवात 1920 में हुई।

**खण्ड (द) उचित संबंध जोड़िये –** (1×5=5)

| | | |
|---|---|---|
| 1. मुसोलिनी | – | इराक |
| 2. मैक्सोपोटामिया | – | सिख्ख |
| 3. अकाली आंदोलन | – | स्वामी विवेकानंद |
| 4. रामकष्ण मिशन | – | वोमेश चन्द्र बनर्जी |
| 5. भारतीय राष्ट्रीय क्रांग्रेस | – | इटली |

प्रश्न 2. मानव विकास की नवीनतम अवस्था कौन सी है? 2

प्रश्न 3. मार्टिन लूथर की दो शिक्षाये लिखिए? 2

प्रश्न 4. लीग आफ नेशंस का मुख्यालय कहां स्थित है? 2

प्रश्न 5. संविधान के अनुच्छेद 14 में क्या प्रावधान लिखा गया है? 2

प्रश्न 6. नील की खेती करने वाले किसानों के असंतोष के दो कारण लिखिए। 2

प्रश्न 7. नंगापर्वत और नंदा देवी किस राज्य में स्थित है। 2

प्रश्न 8. मिश्रित खेती किसे कहते हैं? 2

प्रश्न 9. सम्प्रभुता का क्या अर्थ है? 2

प्रश्न 10. मौलिक अधिकार किसे कहते है? 2

प्रश्न 11. उन दो राज्यों के नाम लिखिए जहाँ दिद्वसदनात्मक व्यवस्थापिका (विधायका) है।2

प्रश्न 12. राजनैतिक लोकतंत्र का क्या आशय है? 2

प्रश्न 13. आतंकवाद का आशय स्पष्ट कीजिए? 2

प्रश्न 14. भारतीय संसदीय प्रणाली की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

प्रश्न 15. सार्वभौम वयस्क मताधिकार से आप क्या समझते है? 3

प्रश्न 16. लोकसभा का सदस्य बनने हेतू किन्हीं तीन योग्याताओं को लिखिए? 3

प्रश्न 17. निरक्षरता भारतीय लोकतंत्र को किस प्रकार प्रभावित करती है?संक्षेप में लिखिए?3

प्रश्न 18. भारत में लैगिक असमानता दूर करने हेतु तीन सुझाव दीजिए? 3

प्रश्न 19. भारत के लिये जल मार्गो का क्या महत्व है? 3

प्रश्न 20. आप क्या सोचते है कि पुर्नजागरण सोच में अस्तित्व और विचारों के पुराने तरीकों को प्रभावित किया? लगभग 100 शब्दों में लिखें। 4

अथवा

रूसी क्रांति समाजवाद की विचारधारा से प्रेरित थी। संक्षेप में व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 21. अंग्रेजी शिक्षा ने भारत में राष्ट्रवाद की वद्धि में कैसे योगदान दिया? 4

अथवा

सामाजिक धार्मिक सुधार आन्दोलन ने किस प्रकार राष्ट्रीय आन्दोलन का नेतत्व किया?

प्रश्न 22. आफ्रीका में गांधीजी द्वारा किए गये सत्याग्रह का क्या महत्व था? 4

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में सुभाष चन्द्र बोस के नेतत्व में आजाद हिन्द फौज की भूमिका का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 23. पर्यावरणीय क्षरण के परिणामों का उल्लेख कीजिए। कोई चार 4

अथवा

शांति सुरक्षा के संदर्भ में भारत की विदेश नीति का उल्लेख कीजिए?
(कोई पांच)

प्रश्न 24. चावल और गेहूं की खेती के लिए भौगोलिक परिस्थितियों की तुलना कीजिए।
(कोई पांच) 5

अथवा

भारतीय कषि द्वारा सामना किए जाने वाले किन्हीं पांच चुनौतियों का विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 25. लोकसभा के गठन एवं कार्योका उल्लेख कीजिए? 5

अथवा

उच्च्य न्यायालय के गठन एवं अधिकार क्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 26. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाईए– 6

1. रायपुर 2. अरावली पर्वत
3. नर्मदा नदी 4. चिल्काझील
5. सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र 6. गोवा

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्न को प्रदशित कीजिए –

1. चेन्नई 2. थार मरूस्थल
3. महानदी 4. हिमालय पर्वत
5. अण्डमान निकोबार 6. चाय उत्पादक क्षेत्र

प्रश्न 27. जनमत निर्माण में मदद करने वाले किन्हीं छः साधनों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

क्या भारत में चुनाव सुधारों की आवश्यकता है? चुनाव में सुधार लाने के प्रमुख सुझाव क्या है?